सेवा में,
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला परिषद,
इलाहाबाद, उ०प्र०।

विषय : हिन्दी टंकणकर्ता पद हेतु।

महोदय,

'दैनिक जागरण' के 2 मार्च, 20XX ई० के अंक में प्रकाशित आपके विज्ञापन के सन्दर्भ में मैं हिन्दी-टंकण कर्ता के रिक्तस्थान हेतु अपना आवेदन आपकी सेवा में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मेरी शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव आदि का विवरण निम्नांकित है —

क्र०सं०	परीक्षा	वर्ष	श्रेणी	संस्था का नाम
1	हाईस्कूल	20XX	प्रथम	स० ब० स० उ० मा० वि०
2.	इण्टरमीडिएट	20XX	द्वितीय	....
3.	बी.ए०	20XX	प्रथम	... ...
4.	डिप्लोमा	20XX	प्रथम	....
5.	अन्य	—		....

अनुभव :- स्थानीय शुगरमिल में दो वर्ष तक अस्थायी टंकणकर्ता के रूप में कार्य। हिन्दी टंकण गति 50 शब्द प्रति मिनट है।

आयु एवं स्वास्थ्य :-
मैं आयु 25 वर्ष का एक स्वस्थ नवयुवक हूँ। राज्यस्तर का हॉकी खिलाड़ी भी हूँ।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि आप मुझे एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें। मैं अपने समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों को सन्तुष्ट रखूँगा।

अपने प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न कर रहा हूँ।

भवदीय
अ. ब. स.

दिनाँक - 25-03-20XX
21, राम-राम टावर, दिल्ली